बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17–नियोजन (भर्त्ती कोषांग)–82 / 2019.....11279........ पटना, दिनांक :–25-11-2020

आवश्यक सूचना

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों यथा– विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगों, विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन के योगदान की कार्रवाई दिनांक 27.06.2020 से प्रारंभ होकर दिनांक 04.09.2020 तक विभिन्न तिथियों में एवं वैसे अभ्यर्थी, जो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को कतिपय कारणों से योगदान नहीं कर सके, उन्हे पुनः दिनांक 16.09.2020 से दिनांक 29.09.2020 तक योगदान करने हेतु सूचना प्रकाशित की गई।

विश्वव्यापी महामारी कोविड–19 के कारण कतिपय नवचयनित अभ्यर्थियों द्वारा उपर्युक्त निर्धारित तिथि को योगदान करने में विभिन्न कारणो से असमर्थता प्रकट करते हुए वर्त्तमान में योगदान देने के अनुरोध के आलोक में एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निम्न पदों यथा– विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगों, विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन पर चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 02.12.2020 से दिनांक 04.12.2020 तक किसी भी तिथि को समय 10.00 बजे प्रातः से सायं 05.00 बजे तक भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय (राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना) योगदान करने की तिथि निर्धारित की जाती है।

योगदान से संबंधित विस्तृत विवरणी निदेशालय बेवसाईट www.dlrs.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

उपर्युक्त निर्धारित तिथि अर्थात दिनांक 02.12.2020 से दिनांक 04.12.2020 तक योगदान नहीं करने वाले नवचयनित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व यह समझते हुए रद्द कर दिया जाएगा कि वे योगदान / कार्य करने के इच्छुक नहीं है। निर्धारित तिथि को योगदान नहीं करने वाले अभ्यर्थियों पर भविष्य में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

25/11/20

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Year 2020 Om\Arya sir\Information Tech\File No. 82-2019 25.11.2020 Notice.doc